नारायणपुर में नक्सलियों ने मजदूर की हत्या, जनपद आफिस के सामने चाकू से रेता गला

नारायणपुर। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले से एक बड़ी खबर सामने आई है। नक्सलियों ने यहां नल जल योजना का काम कर रहे एक मजदूर की हत्या कर दी। मामला ओरछा थाना क्षेत्र का है। बताया जा रहा है कि मजदूर ओरछा में सी मार्ट के आगे जनपद पंचायत के पास काम कर रहा था। इसी दौरान उनकी हत्या कर दी गई। बता दें कि आज ही सुकमा में नक्सलियों ने एक युवक पर मुखबिरी व पैसे लूटने का आरोप लगाते हुए मौत के घाट उतार दिया और शव को सड़क पर फेंक दिया। इस हत्या की जिम्मेदारी कोंटा एरिया कमेटी ने ली है। खबर की पुष्टि एसपी किरण चव्हाण ने की।जानकारी के मुताबिक जिले के भेजी थानाक्षेत्र गोरखा गांव के पास सड़क किनारे एक शव दिखा और पास में नक्सली पर्चे फेंके हुए थे। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पीएम के लिए भेज दिया। वह शव पालामड़गू निवासी पोडियम जोगा का था।

विभाकर ने अपने ट्वीट में बताया पार्टी की प्राथमिकता सदस्यता से दिया इस्तीफा

कांग्रेस को एक और झटका, लाल बहादुर शास्त्री के पोते ने दिया इस्तीफा, भाजपा में जाएंगे...



नई दिल्ली,एजेंसी। लोकसभा चुनाव जैसे-जैसे पास आ रहे हैं, वैसे-वैसे कांग्रेस को झटका लगता जा रहा है। एक के बाद एक नेता पार्टी का साथ छोड़ रहे हैं। अब पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के पोते विभाकर शास्त्री ने कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। वहीं, भाजपा का हाथ थाम लिया। विभाकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक ट्वीट के जरिए अपने इस्तीफे का एलान किया है। विभाकर ने अपने ट्वीट में बताया कि उन्होंने पार्टी की प्राथमिकता सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। बता दें, शास्त्री के पोते ने उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की मौजूदगी में पार्टी कार्यालय में भाजपा ज्वॉइन कर ली है। विभाकर शास्त्री की बात करें तो उन्होंने उत्तर प्रदेश की फतेहपुर लोकसभा सीट से कांग्रेस के टिकट पर साल 1998 में चुनाव लड़ा था. जबकि इसके बाद साल 1999 और साल 2009 में भी वो चुनावी मैदान में उतरे। लेकिन तीनों बार उन्हें हार का सामना करना पड़ा। अगर अतीत में जाकर देंखे तो साल 2009 में संसदीय क्षेत्र के मतदाताओं ने बाहरी नेताओं को तो गले लगाया था, लेकिन विरासत लेने के प्रयास को ठुकरा दिया था। पूर्व पीएम लाल बहादुर शास्त्री के पौत्र व पूर्व पीएम वीपी सिंह के पुत्र सियासी मैदान जीतने चुनाव मैदान में उतरे थे, लेकिन मतदाताओं ने विरासत को पूरी तरह से नकारकर बाहरी को ही पसंद किया था। वर्ष 1980 के लोकसभा चुनाव में जब कांग्रेस की बयार चल रही थी, तब देश के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के बड़े पुत्र हरीकृष्ण शास्त्री संसदीय क्षेत्र से चुनावी मैदान में उतरे थे। लोकदल के लियाकत हुसैन को पराजित कर वह चुनाव जीते और केंद्र सरकार के मंत्रिमंडल में भी शामिल हुए। जिले में औद्योगिक क्रांति की नींव रखकर श्री शास्त्री ने क्षेत्र को अपना गढ़ बनाने का प्रयास किया। इससे वर्ष 1984 के चुनाव में जनता ने फिर उन्हें चुनकर संसद भेजा। वर्ष 1989 व 91 के चुनाव में बोफोर्स का मुद्दा लेकर आए वीपी सिंह के सामने वह नहीं टिक पाए।

श्री शास्त्री के निधन के बाद इस सीट से उनके पुत्र विभाकर शास्त्री विरासत को सहेजने आगे आए। कांगेस से विभाकर ने वर्ष 1998 में चुनाव लड़ा लेकिन महज 24,688 मत ही पा सके। वर्ष 1999 में फिर भाग्य अजमाया, जिसमें 95 हजार व वर्ष 2009 में एक लाख मत हासिल कर पाए। तीन बार प्रयास के बाद भी वह अपने पिता की विरासत को नहीं सहेज पाए।

पश्चिम बंगाल पुलिस के साथ झड़प, भाजपा अध्यक्ष कोलकाता रेफर



कोलकाता,एजेंसी। पश्चिम बंगाल भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार का बशीरहाट के अस्पताल में इलाज चल रहा था। अब उन्हें कोलकाता के अपोलो अस्पताल शिफ्ट किया गया है। पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में बुधवार को भाजपा कार्यकताओं और पुलिस के बीच झड़प हो गई। इस दौरान प्रदेश भाजपा अध्यक्ष और बालूरघाट से सांसद सुकांत मजूमदार घायल हो गए। पहले उन्हें बशीरहाट के एक अस्पताल में एडमिट कराया गया, लेकिन शाम को हालत खराब होने के बाद डॉक्टरों ने उन्हें कोलकाता के अपोलो अस्पताल में रेफर कर दिया। दरअसल, सुकांत मजुमदार भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ हिंसा प्रभावित उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली में रेप विक्टिम से मिलने जा रहे थे। लेकिन बशीरहाट पुलिस ने मंगलवार को उन्हें ताकी के एक गेस्ट हाउस में ही रोक दिया। यहां से संदेशखाली 30 किलोमीटर दूर है। सुकांत बुधवार सुबह एक बार फिर संदेशखाली जाने के लिए अड़ गए। पुलिस ने उन्हें दोबारा रोका। इस पर भाजपा कार्यकताओं से पुलिस की झड़प हो गई। पुलिस ने लाठीचार्ज भी किया। इस दौरान सुकांत एक कार पर खड़े होकर मीडिया से बातचीत करने लगे। तभी पैर फिसलने की वजह से बोनट पर गिर गए। कार पर पुलिस का स्टीकर चिपका हुआ था।

भाजपा विधायक गायकवाड़ और चार अन्य को 14 दिन की न्यायिक हिरासत

नई दिल्ली,एजेंसी। महाराष्ट्र के पुलिस थाने के भीतर एक शिवसेना नेता पर हत्या के प्रयास के आरोप में गिरफ्तार भाजपा विधायक गणपत गायकवाड़ और चार अन्या आरोपियों को एक स्थानीय अदालत ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। गौरतलब है कि भाजपा विधायक गायकवाड़ समेत आरोपी हर्षल केने, संदीप सरवनकर, विक्की गनात्रा और ड्राइवर रंजीत यादव को बुधवार को कड़ी सुरक्षा के बीच अदालत में पेश किया गया था। आरोपियों के वकील नीलेश पांडे और उमर काजी ने अदालत के बाहर पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि पुलिस ने पूछताछ के लिए रिमांड बढ़ाने की गुजारिश की थी, जिसे अदालत ने खारिज करते हुए सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। फरवरी माह की शुरूआत में उल्हासनगर के हिल लाइन पुलिस स्टेशन में वरिष्ठ निरीक्षक के कार्यालय के कमरे के भीतर भाजपा विधायक गणपत गायकवाड़ ने सीएम शिंदे की पार्टी के नेता महेश गायकवाड़ को गोली मारी थी। जिसके बाद भाजपा विधायक समेत अन्य आरोपियों को मामले में गिरफ्तार किया गया था।

मणिपुर में भीषण फायरिंग,बीएसएफ ने संभाला मोर्चा ,भीड़ ने गोला-बारूद और हथियार लूटे



नई दिल्ली,एजेंसी। हिंसाग्रस्त मणिपुर में हिंसा जारी है। इस दौरान कई जगह भीषण गोलीबारी की खबर है। बदमाशों ने 5वीं आईआरबी पोस्ट (इम्फाल पूर्व) के हथियारों और हथियार लूट लिया। पूरे इलाके को रात में ही सुरक्षाबलों ने घेर लिया था और तलाशी अभियान जारी है। सूत्रों के मुताबिक, बुधवार और गुरुवार की दरम्यानी रात ग्राम होटक, जिला बिष्णुपुर की दोनों ऊपरी पहाड़ियों से बीएसएफ को गोलियों फायरिंग की आवाज भी सुनाई दे रही थी। पूर्वी इंफाल के यिंगांगपोकपी में रात करीब 9 बजे घाटी स्थित विद्रोही समूहों (वीबीआईजी) और पहाड़ी विद्रोहियों के बीच ट्विचिन/फिमोल (कुकी) क्षेत्रों के सामान्य क्षेत्र और ग्राम सांतिखोमबल (मैतेई) से अंधाधुंध गोलीबारी शुरू हो गई। इस दौरान कुछ गोलियां बीएसएफ चौकी के करीब आकर गिरीं। दोनों पक्षों द्वारा स्वचालित हथियारों का इस्तेमाल किया जा रहा था। बताया गया कि गोलीबारी की घटना के बाद बीएसएफ कैंप यिंगांगपोकपी की पूरी पोस्ट सतर्क हो गई। गोलीबारी की दिशा की पहचान की गई और स्थिति के बेहतर आकलन के लिए बीएसएफ ने इलू बम फायर किए। इसके बाद विद्रोही भाग निकले और गोलीबारी रुक गई। इसमें किसी के हताहत की खबर नहीं है। सूत्रों के मुताबिक, जानकारी मिली है कि रात को चिंगरेल तेजपुर क्षेत्र में स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई थी। यहां पर 5वीं आईआरबी पोस्ट (इम्फाल पूर्व) पर उग्रभीड़ ने हमला बोल दिया। भीड़ ने भारी मात्रा में गोला-बारूद और हथियार लूट लिए। भीड़ने गोलाबारूद सहित छह एके 47 राइफल, चार कार्बाइन, तीन 303 राइफल और दो एलएमजी लूट लिए।


दैनिक समाचार पत्र सिटी टुडे
महाराष्ट्र के संपूर्ण जिले में
ब्यूरो, संवाददाता, प्रतिनिधि
की आवश्यकता है।
अनुभवी को प्राथमिकता
संपर्क करें
9975286981




पूरे भारतवर्ष के लिए बहुत सुखद पल था जब 22 जनवरी 2024 को हमारे आराध्य भगवान श्रीराम के विशाल मंदिर की पुनर्स्थापान एवं श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा की गई । इस शुभ अवसर पर सिटी टुडे ने ''रामराज बैठे त्रैलोका'' शीर्षक से अंर्तराष्ट्रीय स्तर पर एक विशेषांक का प्रकाशन किया है । यह विशेषांक ऑनलाइन भी उपलब्ध है।

विशेषांक की कीमत
मात्र 201/- रुपये
विदेशी पाठकों के लिए
मात्र $10 में उपलब्ध है...
citytoday.co.in
अधिक जानकारी के लिए संपर्क
9975286981

आज ही अपनी प्रति
तत्काल बुक करें !
प्रति प्राप्त करने के लिए दिए
गए क्यूआर कोड को स्कैन करें..
scan&buy





संत शिरोमणि परमपूज्य श्री रामभद्राचार्य और प्रकांड विद्वान श्री मुरारी बापू के आशीर्वचनों और संदेशों का संकलन 'रामराज बैठे त्रैलोका ' विशेषांक में समाहित किया गया है। इन्हें सिटी टुडे के डिजीटल प्लेटफॉर्म पर देखा जा सकता है।

citytodaybharat

सिटी टुडे के लिए मालिक/मुद्रक/प्रकाशक सतीश पिंपले द्वारा, पी.जी इन्फ्रास्ट्रक्चर एन्ड सर्विसेस प्राइवेट लिमिटेड प्लॉट नंबर 8 रिछाई इंडस्ट्रीयल एरिया जबलपुर (मध्यप्रदेश) से मुद्रित एवं सत्यमेव जयते अपार्टमेंट कमरा नं. एस -22 पांचवी मंजिल तहसील चौक सिविल लाइन जबलपुर मप्र-482001 से प्रकाशित। संपादक - विजय जोशी, * आरएनआई नं. एमपीएचआईएन/2012/46204 डाक पंजीयन- एसएसपी/जबलपुर/ 33/2022-24 फोन नं. 0755-4916686 फैक्स 0755: 4916686 E-Mail:-citytodaymedia@gmail,com,website:-citytoday.co.in * पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। सभी विवादों की स्थिति में न्यायालय क्षेत्र भोपाल रहेगा।